# बिहार राज्य खेल प्राधिकरण

## विस्तृत अधिसूचना

### राज्य उत्कृष्टता केंद्र (KISCE), बिहार में विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर चयन द्वारा नियुक्ति हेतु भर्ती

**भर्ती विज्ञापन**

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। प्राधिकरण द्वारा राज्य उत्कृष्टता केंद्र (KISCE), बिहार में विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर चयन द्वारा नियुक्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. रिक्त पदों की संख्या तथा पदस्थापन का स्थान कार्यभार एवं आवश्यकता के अनुसार परिवर्तनीय हो सकता है। पदों का सांकेतिक विवरण निम्नवत् है:

| क्र. सं. | खेल विधा | पदनाम | पदों की संख्या | मानदेय (प्रति माह) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एथलेटिक्स | मुख्य प्रशिक्षक | 1 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- |
| 2. | तैराकी | मुख्य प्रशिक्षक | 1 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- |
| | | सहायक प्रशिक्षक | 1 | ₹40,000/- |
| 3. | भारोत्तोलन | मुख्य प्रशिक्षक | 1 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- |

3. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पोर्टल पर विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन-पत्र के साथ अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण-पत्र तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदन निर्धारित पोर्टल https://coach.biharsports.org/ के माध्यम से किया जा सकेगा।

4. आवेदन करने की अवधि 02.09.2026 से 15.09.2026 तक रहेगी तथा आवेदन 15.09.2026 को रात्रि 11:59 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

5. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन में किसी भी स्तर पर पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से संशोधन, निरस्तीकरण अथवा इसे वापस ले सकता है।

**QR कोड स्कैन करें**

(उप निदेशक)

**बिहार राज्य खेल प्राधिकरण**